SHRI SAKET GOKHALE: Sir, she did not answer. ...*(Interruptions)*... A white paper on West Bengal.....*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Mr. Saket, take your seat. ...*(Interruptions)*... One minute. ...*(Interruptions)*... If the hon. Minister has not responded to something which you specifically argued, there is a mechanism. ...*(Interruptions)*... Come to my Chamber, I will tell you the mechanism but for the last time. ...*(Interruptions)*... Now, Shri Ghanshyam Tiwari. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record except what Mr. Tiwari says. ...*(Interruptions)*... Shri Ghanshyam Tiwari to raise a discussion on the working of the Ministry of Housing and Urban Affairs.

श्री घनश्याम तिवाड़ी : माननीय सभापति महोदय, मैं केन्द्रीय...

MR. CHAIRMAN: Ghanshyam*ji*, one minute. ...*(Interruptions)*... Mr. Tiruchi Siva. ...*(Interruptions)*... Hon. Members, I have to make an announcement.

RESIGNATION BY MEMBER

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that I have received a letter today, the 31st of July, 2024, from Shrimati Mamata Mohanta, Member, representing the State of Odisha, resigning her seat in the Rajya Sabha. Hon. Members, she has resigned her seat by writing to the Chairman under her hand and handed personally to me. The same I find to be constitutionally in order. I have accepted the resignation of Shrimati Mamata Mohanta, Member representing the State of Odisha with immediate effect.

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS

MR. CHAIRMAN: Shri Ghanshyam Tiwari to start.

श्री घनश्याम तिवाड़ी (राजस्थान): माननीय सभापति महोदय, वित्त वर्ष 2024-25 केकेंद्रीय बजट में आवास और शहरी मामलों से संबंधित विषय पर हम चर्चा प्रारंभ कर रहे हैं।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

माननीय उपसभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि इस साल के बजट में शहरी विकास और आवास पर भारत सरकार ने जितना बड़ा ध्यान दिया है, ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. *...(Interruptions)...* सदन में शांति रखें।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : उसके पहले इस प्रकार का वर्णन नहीं किया गया था। यह बजट "विकसित भारत, 2047" के लिए है और इसकी जीवन रेखा भारतीय शहरों के बीच में से होकर गुजरती है। अगर हम 2047 में विकसित भारत बनाना चाहते हैं, तो विकसित भारत के लिए हमको विकसित शहर भी बनाने होंगे, क्योंकि माननीय उपसभापति महोदय, हम देख रहे हैं कि आज़ादी के समय ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : माननीय सदस्यगण, please take your seat. *...(Interruptions)...* Be silent, please. *...(Interruptions)...* माननीय तिवाड़ी जी।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : माननीय उपसभापति महोदय, विकसित भारत के लिए हम 2047 को ध्यान में रख कर चलते हैं, तो शहरों का विकास प्राथमिक आवश्यकता है। महोदय, बजट पेश होने के बाद नीति आयोग की बैठक हुई और नीति आयोग की बैठक में यह तय किया गया कि अगर भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है, 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करनी है और 18,000 से 20,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय करनी है, तो शहरी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का निर्माण करना होगा। इस सरकार ने जो अपना काम प्रारम्भ किया ...(**व्यवधान**)... सर, हाउस ऑर्डर में नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats. *...(Interruptions)...* आप अपनी बात बोलें।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : माननीय उपसभापति महोदय, जब भारत सरकार ने यह तय किया और नीति आयोग ने तय किया कि विकसित भारत के लिए भारत के शहरों का विकसित होना ज़रूरी है, तो सरकार ने 2024-25 के बजट में जो प्रावधान किए हैं, वे प्रावधान उसी प्रकार से हैं। महोदय, हम देखते हैं कि भारत की आज़ादी के समय 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती थी, 20 प्रतिशत लोग शहरों में रहते थे। आज स्थिति यह है कि 35 परसेंट से अधिक और कुछ राज्यों में तो 40 परसेंट से अधिक आबादी शहरी क्षेत्रों में रह रही है और कुछ शहरों में निरंतर जो बाहर से आने जाने वाले लोग हैं, उस आबादी को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में बहुत प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। शहरों में मकान की समस्याएं हैं, लोग इतनी महंगी ज़मीन लेकर मकान बना कर नहीं रह सकते, शहरों में ट्रांसपोर्ट की समस्या है, शहरों में पेयजल की समस्या है, शहरों में पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, शहरों में आवागमन के साथ-साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बहुत बड़ी समस्याएं पैदा हो रही हैं। जब तक उन सारी समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे, तब तक शहर विकसित नहीं होंगे और वे विकसित शहर भारत के विकास की जीवन रेखा

नहीं बन सकेंगे। भारत सरकार ने इन बातों को ध्यान में रखकर जो बजट पेश किया है, उसमें पहला काम किया है - नियोजित शहरी विकास पर विशेष ध्यान। शहरों का जो विकास है, वह नियोजित तरीके से होना चाहिए और उस नियोजित शहरी विकास के लिए भारत सरकार ने इस बार के अपने बजट में 82,576.57 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है - जबकि 2013-14 में 1,468.20 करोड़ था - जो कि उस निवेश का 55 परसेंट ज्यादा है। भारत सरकार ने अपने बजट में शहरी आवास-विकास के लिए इस प्रकार का काम किया है, उसके अंतर्गत इस प्रकार की योजनाएं बनाई जाएंगी कि शहरों का एक क्रमबद्ध रूप से विकास हो। आज शहरों का विकास बेतरतीब तरीके से हो रहा है। शहरों का विकास जिस प्रकार से हो रहा है और एक शहर न बनकर शहर में उप-शहर बनते जा रहे हैं। शहरों का जो विकास होना चाहिए, वह विकास उस तरीके से नहीं हो रहा है, इसलिए भारत सरकार ने 82,576 करोड़ रुपए इस साल करने का तय किया है, ताकि 14 बड़े शहर, जो 30 लाख से अधिक जनसंख्या के हैं, उनका और 100 अन्य शहरों का समुचित रूप से विकास हो, उसके लिए इस बात का प्रावधान किया गया है। दूसरा बड़ा काम यह किया गया है कि शहरी परिवहन व्यवस्था और विकास के पैमाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। आज सबसे बड़ी समस्या शहरों में परिवहन की है। जो बसें चलती हैं, उन सारी बसों में बहुत भीड़ होती है, सुबह ऑफिस टाइम पर आने और जाने के समय इतनी सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनको बैठने के लिए स्थान भी नहीं मिलता। उसी प्रकार जिन शहरों में मेट्रो है, उन मेट्रो में भी यही स्थिति रहती है, इसी प्रकार आसपास के गांवों से या छोटे शहरों से जो लोग बड़े शहरों में आते हैं...उनके लिए इस प्रकार की समस्या रहती है। उसको दूर करने के लिए भारत सरकार ने तय किया है कि 30 लाख से अधिक 14 शहरों में ट्रांजिट उन्मुक्त, ट्रांसशिप उन्मुक्त विकास योजनाओं को शुरू करेंगे। इसमें ई-बसेज़ के लिए 1,300 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है, जिसमें इन शहरों में 1,300 ई- बसेज का भारत सरकार प्रावधान करेगी। उसी प्रकार मेट्रो के लिए, जो पिछला प्रावधान 20 हजार 950 करोड़ रुपये का था, उसको बढ़ाकर 21,247.94 रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि भारत सरकार यह चाहती है कि शहरों में उनका विकास इस ढंग से हो कि transit system के माध्यम से ठीक प्रकार से विकास हो जाए। मेट्रो का विकास हो, ऐसे ही यातायात का विकास हो, पॉल्यूशन न हो, इसलिए ई-बसेज़ की ओर ध्यान दिया गया है। ई-बसों के लिए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ई-बस योजना के अंतर्गत 1,300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और इस प्रकार से यह काम करके उन्होंने 20 हजार 950 करोड़ रुपये के बजाय मेट्रो के लिए 21,247.94 करोड़ रुपये तय किए हैं।

महोदय, इसके साथ-साथ शहरी जीवन के विकास को आरामदायक बनाने के लिए और लोगों की पहुंच तक बढ़ाने के लिए सरकार ने तीन योजनाओं का प्रावधान किया है। पहला, रेन्टल- इस प्रकार के भवनों का निर्माण किया जाए, उनको प्रोत्साहन दिया जाए कि जो लोग मकान नहीं खरीद सकते, जो ज्यादा किराया देकर नहीं रह सकते, तो जो सरकार ने रेन्टल स्कीम तय की है, उसके अंतर्गत वे अपना मकान लें और मकान लेकर रह सकें। पहली बार भारत सरकार ने rental hospitality scheme चालू की है। मैं इसका स्वागत करता हूं। इसी प्रकार से दो काम और किए हैं। साप्ताहिक हाट लगाने का काम किया है। एक क्षेत्र से इतनी दूर जाकर आप सामान नहीं ला सकते, ले जा नहीं सकते। इस सुविधा के लिए साप्ताहिक हाट लगाने का काम सरकार ने किया है और सौ शहरों में इस प्रकार के हाट के कार्यक्रम होंगे, तो लोगों को एक स्थान

पर यह सुविधा मिलेगी। तीसरी बात यह है कि सड़को पर व्यापार करने वाले लोग, ठेला लगाने वाले लोग हैं, तो हम जगह-जगह देखते हैं और यहां तक कि क्नॉट प्लेस में देखते हैं और सारे शहरों में देखते हैं कि किस प्रकार से चाट का ठेला लगाते हैं, कई कचौड़ी के ठेले लगाते हैं, कई फलों के ठेले लगाते हैं, उन सब लोगों को सड़कों पर सुविधाजनक व्यापार करने की सुविधा प्राप्त हो सके और एक सामान्य आदमी कम पूंजी लगाकर शहर में अपनी कमाई कर सके और शहर में जो लोग हैं, वे सस्ती चीजें और सुविधापूर्वक चीज़ सड़क पर जाकर प्राप्त सक सकें, इसके लिए यह तीसरी योजना भारत सरकार ने प्रारंभ की है और सरकार ने इसके लिए तीन हजार करोड़ रुपये तय किए हैं। शहरी कायाकल्प और सतत विकास की अमृत योजना के अंतर्गत 5 हजार 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 8 हजार करोड़ रुपये का निर्णय किया है। इस प्रकार लगातार पैसा बढ़ रहा है और यह चिंतन के साथ बढ़ रहा है कि शहरों में जो स्थिति है और उसमें आवास और विकास की जो स्थिति है।

महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार ने दो प्रकार के लोगों के लिए, 1 करोड़ लोगों के लिए आवास की व्यवस्था करने का काम तय किया है। उनमें 3 हजार करोड़ रुपये, जो अल्प आय वर्ग के लोग हैं, उन लोगों को सस्ता मकान मिल सके, इसके लिए, और 1 हजार करोड़ रुपये मध्यम वर्ग के लोगों के लिए मकान मिल सके, इसके लिए तय किया है, तो आवास के लिए तीन स्कीम्स हो गईं। पहली रेन्टल स्कीम है, जिसको सरकार बढ़ावा देगी कि कोई किराए का मकान देने के लिए मकान बनाए, उसके लिए सहायता देगी, मकान को एक निर्धारित रेट पर किराए पर दे, उसके लिए स्थान देगी, तो जो कम आय वर्ग वाले लोग हैं, जो शहर में आकर अपनी रोजी-रोटी कमाना चाहते हैं और जिनके कारण जीडीपी बढ़ती है, तो वे लोग यहां पर आकर काम कर सके, उनके लिए यह स्कीम है।

दूसरा, बड़े-बड़े शहरों में आम आदमी के लिए मकान लेना, मध्यम वर्ग के लिए लेना, अल्प आय वर्ग के लिए लेना बहुत मुश्किल काम है, इसलिए सरकार ने दो स्कीम, एक 3 हजार करोड़ की और दूसरी 1 हजार करोड़ की, 1 करोड़ मकान के लिए तय की है। मैं समझता हूं कि पहली बार इतना बड़ा कदम भारत सरकार ने उठाया है। इसके लिए मैं माननीय मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं, हमारे जो वित्त मंत्री जी और हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी, जिनके नेतृत्व में काम चल रहा है, उनको भी मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

उपसभापति महोदय, शहरी कायाकल्प और सतत विकास – शहरों में सीवरेज की समस्या है, शहरों में पानी की समस्या है, शहरों में पानी निकासी की समस्या है, शहरों में पेयजल की समस्या है, शहरों में बिजली के कनेक्शन्स की समस्या है, इन समस्याओं के समाधान के लिए अमृत योजना सरकार ने प्रारम्भ की है। हम अमृत काल में हैं, तो इस अमृत योजना के लिए भी सरकार ने इतना बड़ा प्रावधान किया है, जिससे कि सामान्य जो काम की चीजें हैं, जो आम आदमी के उपभोग की चीजें हैं, उनमें उनको दिक्कत नहीं हो, ईज़ ऑफ लिविंग हो, उसकी लाइफ, उसका जीवन सुखद प्रकार से चले, उसके लिए व्यवस्था की गई है।

उपसभापति महोदय, जब प्रधान मंत्री जी ने शपथ ग्रहण की थी, उसके बाद उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज़ किया था। आज हम देखते हैं, पहले हम रेलवे में जाते थे और सुबह-सुबह रेल जब शहरों के बीच में से या गांवों के बीच में से गुजरती थी, तो रेल की पटरियों के दोनों तरफ लोग बैठे हुए दिखाई देते हैं। अब हम जाते हैं, तो लोग दिखाई नहीं देते हैं। जब हम सड़कों पर

जाते थे, तो कई लोग गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी करके खड़े हुए दिखाई देते थे, लेकिन अब वे दिखाई नहीं देते हैं। अब लोगों में एक संस्कार भी आया है, लोगों में एक भावना भी आई है, लोगों में एक प्रेरणा भी आई है। उसी के अनुरूप सरकार ने शहरों में इस प्रकार का काम शुरू किया है, जिसमें उनको अमृत योजना का लाभ मिल सके। उपसभापति महोदय, इसके लिए 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में संशोधित अनुमानित 555 करोड़ की तुलना में 95 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। सरकार ने इसमें बहुत बड़ा काम किया है। इसी प्रकार से शहरी गरीबों के लिए आजीविका के निर्माण के लिए बहुत बड़ा काम किया है। इसके लिए करीब 300 करोड़ रुपये दिए गए हैं। स्वयं सहायता समूह के निर्माण के माध्यम से 78 लाख शहरी गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता के माध्यम से 38 लाख से अधिक आजीविकाएं बनाई हैं। साथ ही शहरों में 2 हजार स्थाई आश्रय स्थलों का निर्माण किया है। मोदी सरकार यह विश्वास दिलाती है कि इस योजना के तहत शहरी गरीबों के लिए वित्तीय और सामाजिक समावेशन का उच्चतम स्तर सुनिश्चत करने के लिए निरन्तर काम करेगी। सरकार ने तय किया है कि जिनके पास रहने के लिए मकान नहीं हैं, तो 2 हजार आश्रय स्थल बनाए जाएंगे, जहां पर लोग जाकर रह सकते हैं। लोगों को पटरी पर सोने की आवश्यकता नहीं है, लोगों को रेलवे प्लेट फार्म पर सोने की आवश्यकता नहीं है, लोगों को अब सड़क के किनारे किसी पेड़ के नीचे सोने की आवश्यकता नहीं है। भारत सरकार शहरों में आश्रय स्थल बनाएगी कि आप काम करो, वहां से सुबह नहा-धोकर जाओ, काम पर आओ, फिर वापस आकर, इन आश्रय स्थलों में आकर आप रुक सकते हैं, इस तरह की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। यह अनोखी व्यवस्था है। इससे पहले इस प्रकार की व्यवस्था करने की बात किसी सरकार ने सोची नहीं थी। उपसभापति महोदय, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि बिना शहरी विकास के काम नहीं होगा। जो सबसे बड़ी समस्या शहरों में है, वह भूमि संबंधी विवाद की समस्या है।

उसने जीरो सेट बैक पर मकान बनाया है या पीछे बनाया है, आपने एन्क्रोचमेंट की है या नहीं की है, आपने नगर निगम से, नगर परिषद से, विकास प्राधिकरणों से अनुमति प्राप्त की है या नहीं की है, आपका पट्टे का मकान है या कब्ज़े का मकान है, आपका नाप सही है या नहीं है, इन सब बातों की बहुत बड़ी समस्या है। उन समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने शहरी भूमि के अंतर्गत एक नीति निर्धारित करना तय किया है। इसके अंतर्गत सरकार मकानों का, जमीनों का जीपीएस सिस्टम से डिजिटलाइजेशन करके एक नक्शा बनाएगी, उनका नाप करेगी और उनके स्वामित्व का निर्धारण करेगी। वह सारा डिजिटल होगा और उस आदमी को कहते ही यह सूचना प्राप्त हो जाएगी कि यह मकान किस प्रकार का है।

महोदय, यह जो शहरों में रोज-रोज तोड़-फोड़ होती है, रोज-रोज एन्क्रोचमेंट की समस्याएं होती हैं, उन सारी समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। उपसभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार ने पहली बार केवल सोचना और सोचने के बाद उस पर काम करना करके दिखाया है।

महोदय, हम सब जानते हैं कि आज शहरों में किस प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही हैं। हम दिल्ली में भी जानते हैं कि यहाँ पॉल्युशन की समस्या है, हम अन्य शहरों के बारे में भी जानते हैं कि वहाँ सीवरेज की समस्या है, हम जानते हैं कि ट्रांसपोर्ट की समस्या है, हम जानते हैं कि सस्ता ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं होता है, हम जानते हैं कि जो लोग काम करने के लिए शहर में आते

हैं, उनके लिए शौचालय की समस्या है, उनके सामने पेय जल की समस्या है। महोदय, कोई गरीब आदमी मकान नहीं खरीद सकता है, इसलिए अगर सरकार का यह विचार है कि 2047 तक विकसित भारत बनाना है, तो इसके लिए विकसित शहर बनाने होंगे। यद्यपि शहरों के विकास की सारी जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है, लेकिन भारत सरकार ने पहल करके, नीति आयोग से एक निर्णय लेकर कि अगर हमें 2047 तक विकसित भारत बनाना है, तो विकसित भारत की जीवन रेखा भारत के विकसित शहरों के बीच में से होकर निकलेगी, इसलिए उस जीवन रेखा को इतना मजबूत करो, इतना विश्वस्त करो, इतना आयकर देने वाला करो, इतना रोजगार देने वाला करो कि ईज़ ऑफ डुइंग लाइफ में आदमी आराम से जीवन जी सके, इस प्रकार की व्यवस्था करो कि वह कमा सके।

महोदय, इसमें इस चीज़ का भी ध्यान रखा गया है कि शहरों में जनसंख्या बढ़ेगी, इसलिए शहरों का विस्तार किस प्रकार से हो और शहरों में ट्रांसपोर्ट किस प्रकार से हो, शहरों में लोगों को मकान किस प्रकार के मिलें और रोजगार कैसे मिले। भारत सरकार ने इन सब बातों को ध्यान में रखकर शहरी आवास और विकास के लिए 2024-25 के बजट में इनका निर्धारण किया है, उसमें कुछ प्वाइंट्स तय किए गए हैं, कुछ मुद्दे तय किए हैं, जिस पर आम जनता को जो तकलीफ होती है, उस तकलीफ को दूर करके एक समग्र शहरी विकास हो।

उपसभापति महोदय, सरकार का चिंतन एक प्रकार का नहीं, बल्कि समग्र है। उन्होंने कहा है, नीति आयोग ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों का समग्र, समुचित और संतुलित विकास होना भी जरूरी है। उन शहरों का संतुलित, समुचित और समग्र विकास करने के लिए किन-किन चीजों की आवश्यकता है - वे सभी उन्होंने निर्धारित की हैं और 2024-25 के बजट में भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने उनके लिए मापदंड तय किए हैं, उनके लिए काम करने का तरीका भी तय किया है। इस प्रकार से शहरों के लिए एक संजीवनी देने का काम हुआ है। शहरी जीवन में जो दुविधाएं हैं, जो तकलीफें हैं, उन्हें दूर करके एक संजीवनी देने का काम किया गया है, ताकि उसमें आने वाले लोग रोजगार कर सकें। महोदय, किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि छोटा सा काम है, सड़क पर खड़ा होकर ठेले लगाने वाला जो फ्रूट बेचता है, फ्रूट चाट बेचता है, कचौड़ी बेचता है, समोसा बेचता है, चाट-चटनी बेचता है, वह भी उस काम को ठीक प्रकार से खड़े होकर कर सके, अपनी कमाई कर सके, अपने परिवार का पेट भर सके और रात को जाकर सरकार ने जो विश्रामालय बनाए हैं, उन विश्रामालयों में जाकर रह सके - यह भी बहुत महत्वपूर्ण बात है। वह सुबह स्नान करके, इज्जतपूर्वक बाहर निकले और अपना काम करे।

यह चिंतन का एक तरीका है। अंत्योदय से लेकर अभ्युदय तक का तरीका है। अंत में जो आदमी खड़ा है और जो शहर में किसी काम से आ रहा है, उसका अभ्युदय होना है, तो इसके लिए मैं मनोहल लाल साहब को धन्यवाद दूँगा, क्योंकि वे शहरी विकास मंत्री हैं। उनके पास जो अपना गाँव का घर था, वह घर तो उन्होंने डोनेट कर दिया। अब वे शहर में आ गए हैं। वैसे भी शहर में ही रहते थे। वे पहले मुख्यमंत्री बनने से पहले भी शहर में ही थे। शहर में रहने वाले लोगों को जो दिक्कत है, जो दुविधाएं हैं, उन दिक्कतों और दुविधाओं को सुविधाओं में कैसे बदल सकते हैं, इस प्रकार के आठ सूत्री कार्यक्रम के साथ शहरी विकास योजना का भारत सरकार ने प्रावधान

किया है। वह प्रावधान छोटे शहरों और 30 लाख की आबादी से बड़े शहरों के लिए है। इसके बाद इसका विस्तार होगा।

उपसभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से एक निवेदन करना चाहूँगा। उन्हें बड़ा अनुभव है। वे दस साल तक, चलिए, सवा नौ साल तक ही सही, मुख्यमंत्री रहे हैं। उससे पहले संगठन मंत्री भी रहे हैं, तो उन्हें सारी बातों का ध्यान है। जब तक इसके लिए नगरपालिकाएं, नगर परिषद और विकास प्राधिकरण, इनके कानूनों में संशोधन नहीं होंगे और राज्य सरकारों और भारत सरकार का आपस में समन्वय नहीं होगा, तब तक यह सारा पैसा एकदम समुचित रूप से लगकर 2047 तक की अमृत योजना के अंतर्गत हम विकसित करें, यह मुश्किल होगा। मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूँगा कि वे कृपया शहरी विकास, जिन्हें अलग-अलग शहरों में स्थानीय निकाय कहते हैं या कुछ और कहते हैं, उन सारे मंत्रियों को बुलाकर, एक बार सभा की जाए कि हम इतना बड़ा पैसा - 86,000 करोड़ रुपये दे रहे हैं, तो उनका समुचित विकास हो।

मैं दूसरी बात कहना चाहूँगा कि शहरों में भूमि अधिग्रहण का काम बहुत मुश्किल काम है। शहरों के आसपास जो किसान रहते हैं, उन किसानों की भूमि पर ये कॉओपरेटिव सोसाइटीज़ मिलकर, पट्टे काटकर, छोटी-छोटी गलियाँ बनाकर, उनमें मकान बनाने से समस्याएं पैदा हो रही हैं। उनमें नाली की व्यवस्था नहीं है। उनमें ड्रेनेज की व्यवस्था नहीं है। अभी हम देखें, तो औसत से कम बरसात है, लेकिन टेलीविजन पर रोज किसी-न-किसी शहर को दिखा देते हैं कि 15 मिनट की बारिश में सड़क पर पानी आ गया। यह पानी निकासी की व्यवस्था, ड्रेनेज की व्यवस्था होनी चाहिए।

तीसरी बात, ये बड़े शहर विस्तृत होते जा रहे हैं, ये सीधे खड़े नहीं हो रहे हैं। जब तक शहर सीधा खड़ा नहीं होगा, तब तक एक शहर के रूप में उसकी इकाई नहीं बढ़ेगी, फिर वह उपनगरों में बन जाएगी। उपनगरों के कारण से शहरी क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं होगा, इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करूँगा कि राज्य सरकारों से बात कर। जब तक हम इस सारी योजना को कार्यान्वित करने के लिए एक व्यापक कार्य-योजना प्रारंभ नहीं करेंगे, तब तक यह काम संभव नहीं होगा। मुझे आशा है, क्योंकि माननीय मंत्री जी खूब अनुभवशील हैं। वे इस तरफ प्रयत्न करेंगे। जो इन्हें इतना पैसा मिला है, मैं तो समझता हूँ कि शायद ही किसी शहरी विकास मंत्री को इतना सारा पैसा मिला है, तो इतना सारा पैसा मिलने के कारण से वे इस काम को आगे बढ़ाएंगे। माननीय उपसभापति महोदय, भारत सरकार का चिंतन देखिए। वे एक दिन बजट पेश करते हैं, दो दिन के बाद नीति आयोग की मीटिंग होती है। नीति आयोग की मीटिंग के बाद सारे काम तय हो जाते हैं। इस प्रकार की मीटिंग, जो 25 साल तक भारत का विकास करके, अभ्युदय की ओर ले जाएगी और हम वैभव की तरफ राष्ट्र को ले जाने की कोशिश करेंगे, मुझे दुर्भाग्य से यह कहना पड़ता है कि उसका भी हमारे प्रतिपक्ष के लोगों ने बहिष्कार कर दिया। यह सबसे बड़ी दुविधा की बात है। वे हार को पचा नहीं पा रहे हैं, हार को हजम नहीं कर पा रहे हैं। हार तो हज़म करनी पड़ती है। माननीय जयराम जी, जब तक हार को पचाएंगे नहीं, तब तक बिलबिलाते रहेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश : हार किसकी हुई है? हार 400 पार की हुई है।

श्री धनश्याम तिवाड़ी : हार उनकी हुई है, जो यहां बजट पेश नहीं कर सके। हार उनकी हुई है, जो प्रधान मंत्री जी के बोलने में बाधा प्रकट करते हैं। हार उनकी हुई, जो प्रधान मंत्री जी के बोलने के समय वॉक आउट करके जाते हैं। उपसभापति महोदय, हार उनकी हुई है।

श्री उपसभापति : आप विषय पर बोलें।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : इसलिए थोड़ा संतुलन बनाए रखें। लोकतंत्र में जय और पराजय एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसलिए शहरी विकास में नीति आयोग में आप इस प्रकार की अड़चन नहीं डालें और उसमें सरकार का सहयोग करने की कोशिश करें। माननीय प्रधान मंत्री जी ने बार-बार कहा है कि हम अब एक दल के लिए नहीं हैं, हम देश के लिए हैं। जब माननीय प्रधान मंत्री आपको बार-बार अपील कर रहे हैं कि हम दल के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए हैं, तो आप दलदल से ऊपर उठिए और कमल की तरह खिलिए। ऐसा खिलेंगे, तो भारत के शहर भी खिलेंगे और भारत के शहर भी खिलेंगे, तो भारत के विकास की जीवन रेखा भी खिलेगी। जब जीवन रेखा खिलेगी, तो भारत के शहर दौड़ेंगे और भारत के शहर दौड़ेंगे, तो भारत का विकास दोड़ेगा। जब भारत का विकास दौड़ेगा, तो दुनिया देखेगी और भारत की जीडीपी इसी प्रकार बढ़ती रहेगी। 2047 तक शहरों की जीवन रेखा के माध्यम से हम भारत को एक विकसित और समृद्ध भारत की ओर ले जाएंगे। इसमें हमारे शहरों का योगदान होगा। इसी हिसाब से इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। इसी बात के साथ मैं माननीय मंत्री जी को उसके लिए धन्यवाद देता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री उपसभापति : धन्यवाद, माननीय श्री घनश्याम तिवाड़ी जी। माननीय श्री अजय माकन जी।

श्री अजय माकन (कर्नाटक) **:** धन्यवाद, उपसभापति महोदय। शहरी विकास मंत्रालय से मेरा बड़ा पुराना नाता रहा है। मैं यूपीए 1 में शुरू के तीन वर्ष एमओएस के तौर पर और आखिर के दो वर्ष बतौर कैबिनेट मिनिस्टर रहा। मेरी कोशिश रहेगी कि जो मैंने पांच वर्ष में सीखा है - मैं तथ्यों के आधार पर कुछ कंस्ट्रक्टिव सुझाव और क्रिटिकल एनालिसिस करूं। Purely मेरी कोशिश होगी कि पोलिटिकल लाइन से ऊपर उठकर शहरों का किस तरीके से समुचित विकास हो सके, उसके बारे में मैं कुछ बातें यहां पर रख सकूं।

उपसभापति महोदय, हमारा देश बहुत तेजी से शहरीकृत हो रहा है। जब हम तेजी से शहरीकृत कहते हैं, तो यहां पर छोटे शहरों की संख्या बढ़ती जा रही है और बड़े शहरों के अंदर आबादी तेजी से और आती जा रही है। ये दोनों चीज़ें साथ-साथ हो रही हैं। जब हम यह कहते हैं कि छोटे शहरों की संख्या बढ़ती जा रही है, तो 2001 में हमारे देश में 5,161 शहर थे और 2011 के सेंसेस में ये 7,939 शहर बन गए। यानी सेंसेस के अनुसार 10 वर्ष में हमारे देश के अंदर 4,000 नए शहर आ गए, तो जहां पर हमारे नए शहर बन रहे हैं, वहां पर पुराने शहर दिल्ली, मुम्बई और बड़े-बड़े टीयर 1 टीयर 2 शहरों के अंदर आबादी बढ़ती जा रही है, लेकिन जब हम तेजी से शहरीकृत हो रहे हैं, तो हमारे सामने इन शहरों को मैनेज करने की चुनौतियां सबसे बड़ी हैं। जब चुनौतियां सबसे बड़ी हैं, तो हमें यह समझना पड़ेगा कि हमें किस वर्ग के लिए काम करने की

जरूरत है और हम किसके लिए काम करें। यह हमें सबसे पहले समझने की जरूरत है, जो कि मैं माननीय मंत्री जी को कहना चाहता हूं। कई बार हम इन सब चीज़ों में भूल जाते हैं और कई बार हमारे सामने ये सब चीज़ें धुंधली हो जाती हैं।

उपसभापति महोदय, अगर सही मायने में देखें, तो हमारे शहर की आत्मा वे लोग हैं, जो शहर के निर्माणकर्ता हैं, शहर के मजदूर हैं, शहर में काम करने वाले, फैक्टरीज़ में काम करने वाले लोग हैं। वे सुबह घर से निकलते हैं और शाम को जो कमाते हैं, वह खाते हैं। वे हमारे शहर को बनाते हैं। शहर के अंदर यही लोग गरीब हैं। यही लोग शहर के अंदर झुग्गियों में रहते हैं, unauthorized colonies में रहते हैं, स्लम्स में रहते हैं। गांव के अंदर गरीब तो शायद एक बार मरता है, लेकिन शहर के अंदर रहने वाले ये गरीब रोज मरते हैं। क्यों रोज मरते हैं, क्योंकि वे देखते हैं कि यहां पर शहर के अंदर वे गरीबी की हालत में हैं और सबसे अमीर लोग भी उनके सामने वहां पर रहते हैं। जब वे अपने आप को शहर में रहने वाले सबसे अमीर लोगों से कम्पेयर करते हैं, तो शहर के अंदर गरीब और निम्न वर्ग के जो लोग हैं, वे रोज एक तरीके से मृत्यु को पाते हैं। ऐसा हम लोगों का मानना है और इसलिए हमें यह सबसे ज्यादा समझने की जरूरत है।

उपसभापति महोदय, मुझे बीच में 2009 में Home Affairs के अंदर MoS के रूप में census operations को देखने का मौका मिला। जब वे census operations खत्म हो गए, उसके बाद जब मैं वापस Housing Ministry के अंदर आया, तो house listing और housing का जो census है, वह मेरे सामने लाया गया। जब रजिस्ट्रार जनरल ने इसके बारे में बताया, तो उन्होंने कहा कि हमारे देश के अंदर अलग-अलग तरीके के शहर हैं। हमने कहा कि अलग-अलग तरीके के क्या शहर हुए? हमने पूछा कि क्या ये population के आधार पर हैं? उन्होंने कहा कि ये population के आधार पर नहीं है, ये census towns हैं, ये statutory towns हैं, ये urban agglomerations हैं, ये urban extensions हैं। ये चार अलग-अलग किस्म के towns हैं। मैंने पूछा कि ये चार अलग-अलग किस्म के towns कैसे हो गए? मैंने पूछा कि आप तो यह कह रहे हैं कि हमारे देश के अंदर 7,939 कुल शहर हैं, तो ये अलग-अलग कैसे हो गए? उन्होंने कहा कि इन 7,939 में से मात्र 4,000 towns statutory towns हैं। यानी 7,939 towns में से मात्र 4,000 के अंदर urban local bodies हैं, बाकी सारे शहरों के अंदर urban local bodies नहीं हैं, ग्राम पंचायतें हैं। हमने कहा कि ये ग्राम पंचायतें किसलिए हैं? हमने Housing Ministry वालों से बात की कि ये ग्राम पंचायतें किसलिए हैं, यहाँ पर urban local bodies किसलिए हैं, यहाँ नगरपालिकाएँ किसलिए हैं, क्योंकि कई ऐसे शहर हैं, जिनकी population 5-5 लाख है, फिर भी वहाँ पर नगरपालिका नहीं है, वहाँ पर ग्राम पंचायत है। पता चला कि कहीं पर, किसी शहर के अंदर उनको सूट नहीं करता कि वे urban local bodies के अंदर shift हो जाएँ, क्योंकि urban local bodies में आने के बाद property tax लगेगा, urban local bodies में आने के बाद आपको building byelaws को follow करके मकान planned तरीके से बनाना पड़ेगा, आपको पानी का भी पैसा देना पड़ सकता है। उसके अंदर सबसे बड़ी बात यह है कि urban local bodies के अंदर आने के बाद सेंटर की जो grants हैं, स्टेट की जो grants हैं, उनमें एकदम से कटौती हो जाती है, उनमें कोई पैसा नहीं मिलता। यहाँ पर आकर मुझे हैरानी होती है कि हमारे देश के अंदर जहाँ सबसे ज्यादा जरूरी है, वहाँ पर हमारा पैसा नहीं पहुँचता, हमारा पैसा नहीं आ पाता। जब हम लोगों ने 2011-12 में Empowered Committee बनाई, तो उसने कहा कि हमारे देश के अंदर

शहरों में 2021-22 तक 38 लाख करोड़ की जरूरत है और 38 लाख करोड़ की जो जरूरत है, हमें GDP का 1.1 परसेंट शहरों के लिए देना पड़ेगा। उस वक्त, 2011-12 में यह 0.7 परसेंट था। आज वह जरूर बढ़ा है, जैसा अभी कहा, लेकिन अभी भी 0.7 परसेंट है। GDP बढ़ा, तो उसके 0.7 परसेंट के हिसाब से वह बढ़ता गया, लेकिन वहाँ पर 0.7 परसेंट से जब तक वह 1.1 परसेंट तक नहीं जाएगा, उसके अंदर हम लोग और पैसा नहीं डालेंगे, हमारे ये शहर और तेजी से विकसित नहीं हो पाएँगे।

अब बात इस पर आती है कि हमारे शहर के अंदर क्यों ऐसा मेरा मानना है कि हमारी आँखें धुँधली हो जाती हैं। हम सब लोग यह मानेंगे कि हमारे शहरों के अंदर सबसे बड़ी समस्या आवास की है। यहाँ पर गरीब लोग किस तरीके से रहें, यह सबसे बड़ी समस्या है। उसके बाद transport भी है, सफाई भी है, sewage की भी है, सब चीजों की समस्या है, लेकिन आवास को मैं सबसे प्रमुख मानता हूँ। वही रजिस्ट्रार जनरल जब presentation दे रहे थे, तो उन्होंने कहा कि हमारे पूरे देश के अंदर urban areas में 11 करोड़ census houses हैं। 11 करोड़ census houses में से 1.11 करोड़, यानी 111 लाख घर urban areas में खाली हैं और हमारे देश के अंदर 1 करोड़ 37 लाख slums हैं। मुझे यह समझ में नहीं आता कि हमारे urban areas के अंदर 1 करोड़ 11 लाख मकान खाली हैं और 1 करोड़ 37 लाख slums वहीं पर, उसी जगह के ऊपर बने हुए हैं, तो इसका मतलब क्या है! इसका मतलब यह है कि हमारी सरकारों की priorities, प्राथमिकताएँ सही नहीं हैं।

6:00 P.M.

इसका मतलब यह है कि हम लोगों के यहाँ पर - यह अभी की बात नहीं है, यह लगातार चलती आ रही चीज है, जो कि लगातार हो रही है। इसलिए हमारा यह मानना है कि हमारी सरकारों को - राज्य सरकारों को या केन्द्र सरकार को इसकी प्राथमिकता देखनी पड़ेगी कि किस तरीके से, हमारे जो पैसे हैं, उनका इस्तेमाल सही जगह पर हो भी रहा है या नहीं; हम जो जमीनें दे रहे हैं, वे कहीं बिल्डर्स की जेबों में तो नहीं जा रही हैं और उनका इस्तेमाल स्लम्स को रोकने के लिए हो रहा है या नहीं हो रहा है। इस चीज को देखने की जरूरत है।

उपसभापति महोदय, लगभग 10 वर्ष पहले यहाँ पर 'प्रधान मंत्री आवास योजना' की जो शुरुआत की गई है, उसके बारे में मैं आगे बात करना चाहूँगा और मैं यह भी बताना चाहूँगा कि किस प्रकार से इसको और बेहतर बनाया जा सकता था। मैंने अपने समय में 'राजीव आवास योजना' का पूरा प्रारूप तैयार किया था। उसमें इन्होंने कुछ बदलाव किए हैं, उसका नुकसान किस तरीके से शहर के अन्दर गरीब लोगों को हुआ है, वह मैं बताना चाहूँगा।

उपसभापति महोदय, 'प्रधान मंत्री आवास योजना' के 4 verticals हैं। इनमें जो सबसे पहला vertical है, वह सबसे महत्वपूर्ण है - In-situ slum rehabilitation. यानी जहाँ पर स्लम है, यह वहीं पर बनाया जाना चाहिए। हमारा यह मानना है कि जहाँ पर स्लम्स हैं, जहाँ पर हमारे 1 करोड़, 37-38 लाख स्लम्स 2011 के census में थे, अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वे बढ़ कर 1 करोड़, 88 लाख हो गए होंगे। इसलिए यह सबसे महत्वपूर्ण vertical है। जहाँ पर हमारे In-situ slum rehabilitation है, वहाँ पर जो स्कीम लागू कि गई है, उसमें मात्र 1 लाख रुपये सेंटर

की ग्रांट जाती है। दूसरा vertical credit-linked subsidy scheme है। यह bank loan subsidy है, जो कि interest पर दिया जाता है। तीसरा है - affordable housing in partnership, जिसमें private players को, builders को सीधे-सीधे डेढ़ लाख रुपये दिये जाते हैं। चौथा है - beneficiary-led construction, जिसमें beneficiary को डेढ़ लाख रुपये दिये जाते हैं।

उपसभापति महोदय, जब हमने 'राजीव आवास योजना' लागू की थी, उसके अन्दर हम लोगों ने सारे स्टेकहोल्डर्स से बात की थी। तब उन्होंने सबसे पहले यह कहा था कि आप जो 1 लाख रुपये देते हैं, उससे क्या होता है? आप जो 1 लाख रुपये शहर के अन्दर मकान बनाने के लिए दे रहे हैं, उस 1 लाख रुपये से शहर के अन्दर कौन मकान बना पाएगा? 1 लाख रुपये से तो एक कमरे का फर्श भी नहीं डाला जा सकता है। इस तरीके से यह एक मजाक है। उस वक्त हमारी स्कीम यह थी - whole-slum, whole city. यानी कि हम पूरे के पूरे स्लम को एक साथ लेंगे, पूरे शहर को एक साथ लेंगे। पहले slum-free city plan बनाया जाएगा, उसको approve कराया जाएगा और उसके बाद पूरे के पूरे स्लम्स को किस तरीके से improve किया जाए, उस हिसाब से काम होगा। हम लोगों ने हरेक के लिए Central Assistance कम से कम ढाई लाख रुपए बड़े शहरों के अन्दर रखे थे, 3 लाख रुपये छोटे शहरों के अन्दर रखे थे और नॉर्थ-ईस्ट के अन्दर और hilly areas के अन्दर कम से कम 4 लाख रुपये रखे थे। यह मैं 2013 की बात कर रहा हूँ। आज से पहले गरीब लोगों की मदद करने की हम लोगों की यह सोच और यह पहल थी। दुर्भाग्य से अब वह बढ़ने की जगह कम हो गया है। 'राजीव आवास योजना' में उस वक्त हम लोगों ने जो ढाई लाख से 4 लाख रुपये रखे थे, अब वह कम होकर 1 से डेढ़ लाख रुपये रह गया है। मैं यह अनुरोध करना चाहूँगा कि मंत्री जी को इसे देखना चाहिए। अगर सही मायने में आप गरीबों की मदद करना चाहते हैं और 1 लाख रुपये देकर आप यह सोचें कि 1 लाख रुपये के अन्दर एक मकान बन गया, तो उतने रुपये में तो एक नया मकान बनाने की बात तो दूर रही, एक मकान का रिपेयर भी नहीं हो सकता है, तो इन्हें गरीब लोगों और स्लम्स को मदद करनी चाहिए।

दूसरा फर्क यह है कि पहले हम लोगों के समय में स्टेट गवर्नमेंट्स को मिनिमम कितना परसेंट देना है और कितना परसेंट urban local bodies को देना है, यह हम लोग तय करते थे। 25 परसेंट स्टेट गवर्नमेंट्स को देना है, 10 परसेंट urban local bodies को देना है, यह हम तय करते थे। दुर्भाग्य से वे पूरे के पूरे कंडीशंस हटा दिए गए। इससे यह हो रहा है कि जो पैसा सेंटर से जाता है, वही पैसा उसके पास जाता है, उसके अलावा उसको कोई और पैसा नहीं मिलता है। तो हम यह जो कहते हैं कि कागजों के अन्दर हमारे मकान बन रहे हैं, तो सही मायने में वे मकान नहीं बन रहे हैं। मैं यह कैसे कहता हूँ, यह मैं आपको अभी बताता हूँ और अभी क्वेश्चंस के इनके जो रेस्पोंस मिले हैं, मैं उनके आधार पर बताना चाहूँगा।

इनका यह कहना है कि लगभग 1 करोड़ 8 लाख मकान sanction किए गए हैं, जिनमें से लगभग 83 या 85 लाख मकान बन चुके हैं। उस 83 या 85 लाख में से सिर्फ 1.63 लाख मकान in-situ slum rehabilitation के तहत स्लम्स को मिले हैं। जो दो परसेंट से कम, यानी मुश्किल से डेढ़ परसेंट स्लम्स के लिए गया है। Department-Related Parliamentary Standing Committee के सामने मिनिस्ट्री ने एक पैरा बोला, जिसको मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूँ। "In written reply submitted to the Committee about the housing shortage, the Ministry of Housing and Urban Affairs has stated that the housing shortage estimated by the Technical Group

is 1.88 crore over a period of 2012-2017. It had further submitted that in India, slum decadal growth rate is 34 per cent." यह मिनिस्ट्री खुद कह रही है। हर 10 वर्ष में 34 परसेंट स्लम बढ़ रहे हैं, लेकिन यहाँ पर in-situ slum rehabilitation में टोटल का मात्र 1.63 परसेंट खर्च किया गया है, जो कि गलत है। आगे कहा है, "Also, two million non-slum urban poor households are proposed to be covered under this Mission. Hence, the total housing shortage, envisaged to be addressed through the new Mission, is 20 million." यह उस वक्त Department-Related Parliamentary Standing Committee को कहा। मैंने कहा कि in-situ slum rehabilitation के लिए टोटल का 1.63 परसेंट है, तो पैसा कहाँ जा रहा है? किसके पास जा रहा है? Beneficiary-Led Construction (BLC) का जो vertical है, उसमें 60 परसेंट जा रहा है। अब जो Beneficiary-Led Construction है, उसमें जो सबसे महत्वपूर्ण कंडीशन है, जिसको फुलफिल करना है, वह यह है कि जमीन उसकी अपनी होनी चाहिए। अब मुझे यह बताइए कि अगर शहर में जिसकी जमीन है, वह गरीब कैसे हो गया? शहर में जमीन को own करने वाला शहरी गरीब कैसे हो गया और 60 परसेंट उसके पास कैसे जा रहा है? दूसरी तरफ शहर के अंदर जिसके पास अपनी जमीन नहीं है और वह सरकारी जमीन पर जबर्दस्ती कहीं पर कब्जा करके अपनी पन्नी डाल कर झुग्गी बना कर रह रहा है और अगर उसको इसका फायदा नहीं मिल रहा है, तो फिर किसी और को कैसे मिलेगा? आज सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूँ कि आप पैसे खर्च कर रहे हैं, लेकिन आप सबसे पहले पर-यूनिट कम पैसा खर्च कर रहे हैं और वह मोनिटर नहीं हो रहा है, जिसके कारण से वह सही मायने में उसको नहीं मिल रहा है। इसमें दूसरी सबसे बड़ी कमी यह है कि जिसको सही मायने में beneficiary होना चाहिए, जो असल में स्लम्स हैं, वहाँ पर पैसा नहीं जा रहा है। इसमें 60 परसेंट वही beneficiary हैं, जिनके पास अपनी जमीन है। अगर 60 परसेंट ऐसे beneficiaries को पैसा मिलेगा, तो आप समझ सकते हैं कि किस तरीके से यह Tier-I, Tier-II, Tier-III सिटीज़, जहाँ पर मैक्सिमम स्लम्स हैं, उनको इसका फायदा मिलेगा? वहाँ पर कहीं पर भी इसका पैसा नहीं जा रहा है।

इसके अलावा Credit-Linked Incentive Scheme के अंतर्गत 30 परसेंट लाभार्थी हैं, लेकिन उनको भी बैंक लोन्स में interest subsidy मिलती है। उसको अपना मकान बनाने के लिए नहीं मिलता है, बल्कि बैंक लोन सब्सिडी तब मिलती है, जब उसको बैंक लोन मिलेगा। उसको बैंक लोन तो तब मिलेगा, जब उसकी अपनी जमीन होगी। उसको बैंक लोन तब मिलेगा, जब वह किसी प्राइवेट बिल्डर से खरीदेगा। इसके अंदर चौथा है AHP. इसके अंतर्गत Housing in Partnership Scheme स्कीम है, उसमें बाकी के जो 8-9 परसेंट हैं, वे Housing in Partnership Scheme के तहत प्राइवेट बिल्डर्स को जाते हैं। सरकार सीधे-सीधे प्राइवेट बिल्डर्स को पैसा देती है और वे मकान बनाते हैं तथा लाभार्थी उनसे खरीदता है। इससे या तो प्राइवेट बिल्डर्स को फायदा हो रहा है या एमआईजी या उससे ऊपर के क्लास के लोगों को फायदा हो रहा है। सेंसस के अनुसार जिनके 1 करोड़ 11 लाख मकान ऑलरेडी खाली पड़े हैं, उन्हीं लोगों के लिए मकान बनाए जा रहे हैं। इसलिए जो सही मायने में शहरी गरीब है, जिसको टारगेट किया जाना चाहिए, जो शहर की आत्मा है, जैसा कि मैंने पहले कहा, जिनको सही मायने में मदद मिलनी चाहिए, उनको कोई मदद नहीं मिल रही है और इससे उनको कोई फायदा नहीं हो रहा है।

अब मैं एक बात इसी के संदर्भ में दिल्ली के मसले पर कहना चाहूँगा। मैंने पूरी लिस्ट देखी, अभी जैसा कि मैंने बताया कि इसके अंतर्गत करीब 1 करोड़ 8 लाख मकान sanction हुए हैं और उनमें से लगभग 83 या 85 लाख मकान बन चुके हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में दिल्ली को मात्र 29 हजार मकान मिले हैं। अब या तो यह हो सकता है कि किसी कारणवश इन्होंने दिया नहीं या यह हो सकता है कि दिल्ली वालों ने मांगा ही नहीं। खट्टर साहब जब इसका जवाब दें, तो मैं यह चाहूंगा कि वे बताएं कि क्या दिल्ली वालों ने मांगा ही नहीं या इन्होंने दिया नहीं और उन्होंने मांगा, फिर भी नहीं मिला?

उपसभापति महोदय, अब मैं शहरी गरीब में जो सबसे महत्वपूर्ण, रेहड़ी पटरी वाले हैं, उनके बारे में कहना चाहूंगा। यह बहुत महत्वपूर्ण है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि रेहड़ी पटरी आजीविका संरक्षण कानून मेरे द्वारा बनाया गया था और मैंने इसे कैबिनेट से पास कराया, जिसको आज पूरे देश के अंदर इंप्लीमेंट किया जा रहा है। दुःख की बात यह है कि एक तरफ जब "प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना" के तहत रेहड़ी पटरी वालों को पैसे दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जिनको "प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना" के तहत लोन से पैसे मिले हैं, उन्हीं को उजाड़ा जा रहा है। उससे भी ज्यादा दुःख की बात यह है कि मेरे पास यह पूरी लिस्ट है, प्रधान मंत्री जी की कांस्टीट्यूएंसी से उनको हटाया जा रहा है। वाराणसी के अंदर, राम नगर, शीतला घाट, लंका, सारनाथ, भिखारीपुर, ये पांच मार्केट्स हैं, जहां पर मार्केट के अंदर "प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना" के तहत पैसे मिले। वह प्रधान मंत्री जी की कांस्टीट्यूएंसी है और वहीं पर पैसे मिलने के बाद उनको हटाया जा रहा है, जबकि रेहड़ी पटरी आजीविका संरक्षण कानून की धारा 3, उप धारा 3, दोनों के दोनों यह कहते हैं कि किसी को हटाया नहीं जा सकता, जब उसको सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग मिल जाए। जब सर्टिफिकेट्स ऑफ वेंडिंग मिल गए, तो प्रधान मंत्री जी की कांस्टीट्यूएंसी से ही उन लोगों को कैसे हटाया गया, मैं उम्मीद करूंगा कि खट्टर साहब इस चीज़ पर भी प्रकाश डालेंगे, क्योंकि यह प्रधान मंत्री जी का मामला है, जिसे मैं यहां पर उठा रहा हूँ।

दिल्ली के अंदर दक्षिणपुरी पानी की टंकी, पीपल चौक, विराट चौक, पुष्प विहार मदनगीर, यह मैं उन जगहों के नाम ले रहा हूँ, जहां पर "प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना" के तहत लोगों को लोन मिल गया, सर्टिफिकेट्स ऑफ वेंडिंग मिल गए, लेकिन बावजूद उसके उन लोगों को वहां से हटाया जा रहा है। डाबरी रोड मार्केट, मंगलापुरी मार्केट, करोल बाग, अजमल खान रोड और लाजपत नगर के अंदर से भी उन लोगों को हटाया जा रहा है। कोलकाता के अंदर बेरट्राम स्ट्रीट, बेहाला टेक्नोपोलिस, सेक्टर 3 न्यू टाउन, साल्ट लेक; भोपाल के अंदर मिसरोद एस्टेट, बरखेड़ा, पठानी बाजार; उत्तराखंड के अंदर गांधी पार्क, बस अड्डा मार्केट, समोसा मार्केट, निरंजनपुर मंडी, क्लेमेंट टाउन, भंडारी बाग, मैं ये सब नाम इसलिए ले रहा हूँ, क्योंकि देश भर के अंदर ऐसा हो रहा है। मैंने इन सारी मार्केट्स के नाम कल से इकट्ठे करने शुरू किए हैं। देश भर के अंदर लोगों का यह कहना है कि हमें पैसे नहीं चाहिए, हमें सुरक्षा चाहिए, जो सुरक्षा रेहड़ी पटरी वालों को हमारे कानून ने दी है।

उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि जो आदमी रेहड़ी पटरी लगाता है, उससे हर रोज के हिसाब से पुलिस पैसे लेती है, उससे लोकल बॉडी पैसे लेती है, वह जिसकी जगह के ऊपर होता है, वह पैसे लेता है और मार्केट के अंदर जो प्रधान होता है, वह पैसे लेता है। अगर "प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना" का बैज लगाने के बाद भी उसको पैसे देने पड़े, नहीं

तो उसको उठा दिया जाएगा, तो इससे ज्यादा * की बात नहीं है। आज ये लोग सुरक्षा मांगते हैं। इनको पैसे की ज्यादा जरूरत नहीं है। 10,000 रुपए लोन के तहत मिल गए, ठीक है, लेकिन रोज़ ये चार-चार एजेंसीज़ को जो पैसा देते हैं, अगर वह पैसा दिलवाना बंद करा दिया जाए, तो इनकी फैमिलीज़ ज्यादा खुश होंगी और ये ज्यादा संतुष्ट होंगे, बनिस्बत इनको लोन पर पैसे मिलें और उसके बाद यह पैसा सरकार को वे वापस दें। इसलिए, रेहड़ी पटरी आजीविका संरक्षण कानून, जो हम लोगों के द्वारा लाया गया था, मैं खट्टर साहब से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे सभी स्टेट्स के मिनिस्टर्स को बुलाएं और उनको बुलाकर यह सुनिश्चित करें कि उसका पालन किया जाए। अगर उसका पालन होगा तो हमारे देश के अंदर गरीब लोग सही तरीके से उसका लाभ उठा पाएंगे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा समय खत्म होने वाला है। मैं समय का पाबंद रहना चाहता हूँ। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापति : अभी 1 मिनट, 22 सेकंड्स हैं, आप बोल सकते हैं।

श्री अजय माकन : उपसभापति महोदय, मैंने अभी रेहड़ी पटरी आजीविका संरक्षण कानून के बारे में बात कही। हमारे देश के अंदर इस कानून का सही तौर पर पालन नहीं हो रहा है। हमने इसमें प्रावधान रखा है कि टाउन वेंडिंग कमिटी बनेगी। टाउन वेंडिंग कमिटी की रेगुलर मीटिंग्स होंगी और जो सर्वे होगा, वह टाउन वेंडिंग कमिटी करेगी।

दुख की बात यह है कि पूरे देश में अर्बन लोकल बॉडीज़ और स्टेट गवर्नमेंट्स इसका पालन नहीं कर रहीं और सेंट्रल गवर्नमेंट इसको monitor करने में बहुत दिलचस्पी नहीं दिखा रही। अभी मेरे से पूर्व भाजपा के वक्ता ने भी कहा था कि स्टेट के मिनिस्टर्स को बुलाकर भी बात करनी चाहिए। इस विषय पर और Town Vending Committee पर भी बात करनी चाहिए। गवर्नमेंट को अपनी प्राथमिकताओं के बारे में भी बात करनी चाहिए कि हमारी प्राथमिकता स्लम्स के अंदर रहने वाले और गरीब लोग, जो शहरों में रहने वाले हैं, उनकी तरफ ध्यान देने की ज्यादा ज़रूरत है। हमारा मुख्य बिंदु होना चाहिए कि जो लोग हमारी तरफ और हमारी सरकारों की तरफ देख रहे हैं, उनकी हम मदद कैसे कर सकते हैं।

श्री उपसभापति : धन्यवाद माननीय अजय माकन जी। माननीय सदस्यगण, दो माननीय सदस्यों ने आग्रह किया है कि उन्हें आवश्यक काम से कहीं बाहर जाना है, यदि आपकी अनुमति हो, तो मैं उन्हें पहले बोलने का अवसर दूं।

SHRI MOHAMMED NADIMUL HAQUE (West Bengal): Sir, it is our time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, It is your time. इसलिए मैं हाउस से consent ले रहा हूं। अगर आपकी अनुमति हो, तो उनसे मैं आग्रह कर सकता हूं।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir.

श्री उपसभापति : मैं माननीय वक्ताओं से आग्रह करूंगा कि आप अपने विचार बहुत संक्षेप में और कम समय में रखें। श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा (उत्तर प्रदेश) **:** आदरणीय उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत आभार कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन के समक्ष अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति प्रदान की।

महोदय, संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों एवं शहरों में निवास करेगी। गांव के साथ-साथ वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें शहरी क्षेत्र में अनेकों सुधारों की आवश्यकता है। देश के शहरी क्षेत्र के विकास के लिए इस बजट में 12 परसेंट की वृद्धि के साथ 1,77,000 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ है। मैं इसके लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूं। महोदय, शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी' के अंतर्गत एक करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस बजट में 30 लाख से अधिक आबादी वाले 14 बड़े शहरों के विकास के लिए सरकार द्वारा विशेष योजना की घोषणा की गई है। शहरी क्षेत्र में रहने वाले रेहड़ी-पटरी वालों के लिए भी हाट बाज़ार बनाने की व्यवस्था की जा रही है। देश के शहरों में मेट्रो की सुविधा प्राप्त हो सके, इसके लिए बजट में लगभग 25,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

महोदय, आज आपसे एक बात कहना चाहती हूं कि जब मैं आज अपने घर से सदन के लिए निकली थी, तो रोड के किनारे मैंने कांग्रेस पार्टी के द्वारा लगा एक पोस्टर देखा, जिसमें लिखा था कि महिला आरक्षण तत्काल लागू किया जाए और महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को 33 परसेंट आरक्षण की मांग की गई। मैं कांग्रेस से पूछना चाहती हूं कि Shri R.K. Chetty से लेकर श्री पी. चिदम्बरम तक 19 वित्त मंत्रियों में से कांग्रेस ने अपने पूरे शासनकाल देश में किसी भी महिला को क्या वित्त मंत्री लायक नहीं समझा?

श्री उपसभापति : आप विषय पर बोलिए। अर्बन डेवलपमेंट के विषय पर बोलिए।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : सर, विषय पर ही बोल रही हूं। कांग्रेस के शासनकाल में इंदिरा गांधी जी के प्रधान मंत्री रहते हुए केवल उनके पास ही यह विभाग था। आज मुझे गर्व है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में और भारतीय जनता पार्टी की नीति पर उन्होंने पहली बार निर्मला सीतारमण जी को यह मंत्रालय दिया। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : अन्य कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, आप विषय पर बोलिए।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : आप जब बोलते हैं, तो हम लोग सुनते हैं। इसलिए आप सुनने की भी क्षमता रखिए। महोदय, आदरणीय निर्मला सीतारमण जी को पूर्ण कालिक रूप में यह मंत्रालय दिया है। मैं कुछ आंकड़े आपके समक्ष रखना चाहती हूं। वर्ष 1947 में एक, वर्ष 1952 में दो, 1957 में एक - यह नेहरू जी के प्रथम तीन कार्यकाल की महिला मंत्रियों की संख्या है। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहती हूं...

श्री उपसभापति : माननीय सदस्य, अर्बन डेवलपमेंट का विषय है।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : इस देश में महिलाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में निर्णायक भूमिका निभाई है। क्या सरकार के गठन में आपने महिलाओं को इस लायक नहीं समझा? मैं इसलिए कहती हूं, क्योंकि मैं सुन रही थी। ये लोग विषय पर नहीं बोलते हैं। मैं इतने दिन से ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप विषय पर बोलें।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : मैं एक चीज़ और बताना चाहती हूं कि जिस तरीके से, ...(**व्यवधान**)... मैं यह बोलूंगी, क्योंकि मुझे ठेस लगी है। मेरे घर के सामने यह बड़ा पोस्टर लगा, मैंने देखा तो मुझे बहुत खराब लगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : यहां पर विषय यह है।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : मैं कांग्रेस पार्टी की पीड़ा को समझ रही हूं और कुछ पंक्तियों के माध्यम से मैं बताना चाहती हूं कि कैसे एक आदिवासी महिला के सिर पर राष्ट्रपति का ताज है और कैसे एक महिला वित्त मंत्री पर पूरे देश को नाज़ है और कैसे आज महिलाएं संसद में ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज। आप विषय पर बोलिए।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : सर, मैं विषय पर ही आ रही हूं। देश में ओबीसी वर्ग के लगभग 78 परसेंट लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, जिनकी क्षमता नहीं थी, जिनको कोई सुविधाएं नहीं थीं कि वे शहरों में रहें।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप याद रखें कि आपको कम समय में बोलना है।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : ऐसे अनेकों ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : मैडम, प्लीज़।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : ऐसे सामाजिक कारणों के कारण...(**समय की घंटी**)...पिछड़े वर्ग देश के शहरों में निवास नहीं कर पा रहे हैं।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : मैडम, प्लीज़। एक मिनट, एक मिनट, प्लीज़। एक तो मैंने आग्रह किया कि कम समय में बोलना है और आप विषय पर बोलें। आपका समय कुछ देर में पूरा हो जाएगा, तो आप जल्दी बोलें।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : सर, यह आवास वाला विषय ही था।

श्री उपसभापति : आवास वाले विषय पर बोलकर अपनी बात खत्म करें।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : किस तरीके से गांव से शहरों में आने वाले लोगों की आर्थिक क्षमता नहीं होती थी कि वे शहरों में आवास बना पाएं और वे कहीं न कहीं किसी तरीके से किराए पर रहकर अपना गुजारा करते थे। आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने ऐसे लोगों को भी आवास देने का जो काम किया है, वह बहुत ही सराहनीय कदम है। आप निश्चित तौर से देखिए कि एससी, एसटी और ओबीसी के लोग ही इन कारणों से निश्चित तौर से शहरों की सुविधाएं नहीं ले पाते थे, आज आदरणीय प्रधान मंत्री और आदरणीय मंत्री जी के कारण वे शहरों में निवास करने के लिए खुश हैं कि किस तरीके से हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने हम लोगों की चिंता की है। सर, मैं एक चीज और बोलूंगी। कुछ दिन पूर्व एक संसद सदस्य श्री संजय सिंह जी ने यहां एक विषय उठाया था। उन्होंने कहा था कि उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्ग पर दुकानों पर नेम प्लेट लगाने...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आपको विषय पर बोलना है।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : मैं यह कहूंगी।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप अपनी बात खत्म कीजिए।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : मैं कहूंगी कि आर्थिक आधार पर जब आम उपयोग की वस्तुओं पर हलाल प्रमाणीकरण के लिए कैसे बाध्य किया जाता है और उत्तर प्रदेश में बरेली में हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कर उनका सामूहिक विवाह कराने का प्रयास किया जाता है...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप विषय पर बोलिए। आपका समय खत्म।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : मैं यह कहना चाहती हूं कि उनको यह सोचना चाहिए। माना आपको एक जाति से ज्यादा लगाव है, ...(**समय की घंटी**)...लेकिन हिंदुओं की आस्था पर भी कुठाराघात नहीं करना चाहिए।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप विषय पर बोलिए प्लीज... श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक। पांच मिनट के अंदर अपनी बात कहें और विषय पर बोलें। अगर आप विषय पर बोलेंगी, तो ही रिकॉर्ड पर जाएगा।

श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक (मध्य प्रदेश) **:** उपसभापति महोदय, आपने मुझे इस ऐतिहासिक बजट पर बोलने का ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : यह बजट नहीं है, यह मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स पर डिस्कशन है।

श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक : शहरी विकास पर बोलने का अवसर दिया, मैं हृदय की गहराई से आपका धन्यवाद प्रस्तुत करती हूं। महोदय, 2024 और 2025 में फिर एक और गर्वभरा अध्याय जोड़ दिया गया है कि यह बजट जो तमाम विशेषताओं और हर वर्ग की राहतों के लिए भरा हुआ है। इस बजट में खास कर के प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के माध्यम से शहरी विशेषता के विकास पर जोर दिया गया है। सर, 79 हजार करोड़ रुपये की भारी राशि के साथ यह पहल लाखों लोगों को सुरक्षित और सस्ते आवास प्रदान करती है। हम तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाने की बात कर रहे हैं, जिसमें एक करोड़ शहरी क्षेत्रों के होंगे। आप कल्पना कीजिए कि एक करोड़ से अधिक परिवारों को आखिरकार एक स्थान ऐसा मिलेगा, जिसमें वे सच में समझेंगे कि हमें शहर में कोई सिर छुपाने के लिए आवास मिला।

महोदय, 2015 से पीएमएवाई सिर्फ एक आवास योजना, परियोजना से कहीं अधिक रही है। यह घरों को आवश्यक सुविधाएं, जैसे घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के बारे में है। यह महत्वपूर्ण रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने वाली योजना है। यह परिवार की महिला को मालिक एवं सह-मालिक भी बनाती है। शहर की जो व्यवस्था है, जो लोग पहले शहरों में, झुग्गी-झोपड़ी में रहते थे, जब वे किसी गांव से शहरों में पलायन करके आते थे, तो उन्हें कहीं सिर छुपाने के लिए जगह नहीं मिलती थी। वे पन्नी लगाकर किसी एक स्थान पर रहते थे और शहर की कॉरपोरेशन आकर उनकी झुग्गी की पन्नी उखाड़ देती थी तथा उनकी झोंपड़ी से उनको बेदखल कर देती थी। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगी कि 2014 के बाद, उन्होंने शहरों में गरीबों की पीड़ा को समझा। उन्होंने शहरों के विकास को देखते हुए, गरीबों को पक्के मकान में रहने की सुविधा दी, उनमें शौचालय बनाकर भी दिए। सबसे ज्यादा महिलाओं की प्रॉब्लम थी कि वे शहर में रहने के बावजूद भी खुले में शौच के लिए जाती थीं। 2004 के पहले की यदि मध्य प्रदेश की तस्वीर देखी जाय, तो शहर के लोग भी रेलवे पटरी के किनारे बैठकर शौच के लिए जाया करते थे, ये शहरों की स्थिति थी। पहले हमारे जो मुख्य मंत्री थे, उन्होंने यह दुर्दशा कर रखी थी। 2004 के बाद में हमारी सरकार आई और उसने शहरों का विकास किया। आज आप देखेंगे कि मध्य प्रदेश किस तरह से आगे बढ़ रहा है।

महोदय, मैं बताना चाहूंगी की शहरों की बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए, उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए, किफायती किराये के आवास उपलब्ध कराकर उनकी समस्या का समाधान किया है। इसमें औद्योगिक श्रमिकों के लिए डॉरमेट्री टाइप के आवास शामिल किए गए हैं।

यह योजना न केवल हमारे कार्य का समर्थन करती है, बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी किराये के बाजारों को भी प्रोत्साहित करती है।

महोदय, हम यह भी देख रहे हैं कि शहरों को आर्थिक विकास केन्द्र के रूप में विकसित करने में हमारे प्रधान मंत्री जी का बहुत बड़ा योगदान है। राज्यों के साथ ट्रांजिट प्लानिंग, पेरी अर्बन एरिया के तहत व्यवस्थित तरीके से विकास करके, वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे शहर स्थाई रूप से और कुशलता के साथ आगे बढ़ें।

महोदय, 14 प्रमुख शहरों में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट योजना शहरी जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाएगी। इसमें जल आपूर्ति और स्वच्छता को भी आवश्यक स्थान मिल रहा है। 100 बड़े शहरों में सेवाओं में सुधार लाने की योजना है। महोदय, यह परियाजना न केवल जीवन की स्थितियों को बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय टैंकों को भरने और सिंचाई के लिए उपयोगी पानी के लिए स्थाई व्यवस्था करेगी तथा उनमें रहने वाले शहर वासियों को प्रोत्साहित करेगी। इसके अलावा, मैं यह कहना चाहूंगी कि अगले 5 वर्षों के लिए, प्रत्येक शहर में प्रत्येक वर्ष 100 साप्ताहिक हाट या स्ट्रीट फूड हब के विकास की शुरुआत की गई है। जो स्ट्रीट वेंडर है, वह स्थानीय अर्थ व्यवस्था को बढ़ावा देता है। इन लोगों के लिए, जो पहल की गई है, जो लोग इन पहलों पर संदेह करते हैं, मैं उनको याद दिलाना चाहती हूं कि हमेशा से इस सरकार ने आम आदमी को केन्द्र में रखा है। इसकी प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि सरकार शहरों और नगरों को सुधारना चाहती है, उनमें रहने वालों के लिए और काम करने वालों के लिए बेहतर व्यवस्था करना चाहती है।

महोदय, पीएम स्वनिधि योजना के तहत शुरुआत में 10 हजार रुपये तक का किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करने की शुरुआत की गई है। बाद में अधिक ऋण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, 20 हजार रुपये तक का दूसरा ऋण दिनांक 9.4.2021 से और 50 हजार तक का तीसरा ऋण 1.06.2022 से दिया जाने लगा है।

महोदय, आवासन और शहरी विकास कार्य मंत्रालय ने 1 जून, 2020 को 'प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि', 'पीएम स्वनिधि योजना' शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को, कोविड 19महामारी से बुरी तरह से प्रभावित हो चुके उन व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान करना है। सरकार ने पहली बार रेहड़ी, पटरी और ठेले वालों व समान बेचने वालों के रोजगार के लिए लोन की व्यवस्था की गई है। महोदय, इस योजना के अंतर्गत अभी तक लगभग 40 लाख लाभार्थियों को लाभ पहुँचाया जा चुका है। मैं मोदी जी और वित्त मंत्री महोदया को भी धन्यवाद देना चाहूंगी कि उन्होंने पूरे भारत में समानता की दृष्टि से इस योजना को कार्य रूप में परिणित किया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : कृपया समाप्त कीजिए।

श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक : महोदय, मैं कहना चाहूंगी कि 40 लाख लाभार्थियों तक लाभ पहुँचाया जा चुका है, जिसकी कुल कीमत 4,000 करोड़ रूपये है। महोदय, 'पीएम स्वनिधि योजना' के लिए कौन-कौन पात्र हैं - मैं इसको भी थोड़ा चिह्नित करना चाहूंगी। जैसे हमारे यहाँ पर पहले नाई कहते थे, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसको सुधार करके उन्हें केश शिल्पीकार कहा

है। महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी ने उन्हें कितना सम्मान दिया है। उन्हें पहले किस तरह से बुलाया जाता था और अब आप देखेंगे कि उन्हें, केश शिल्पी की दुकानों के लिए कितना सम्मान दिया गया है।

